दिन–बुधवार दिनांक– 29 / 10 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

---

विधानसभा चुनाव को लेकर एनडीए और महागठबंधन प्रचार अभियान और तेज हो गया है। भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज अलीनगर में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुये लोगों से एनडीए को एक बार फिर विजयी बनाने की अपील की। श्री शाह ने महागठबंधन पर आरोप लगाते हुये कहा कि यह गठबंधन सिर्फ सत्ता हासिल करने के लिए बनाया गया है। इस गठबंधन को आम लोगों के विकास से कोई मतलब नहीं है। वहीं, भाजपा के वरिष्ठ नेता और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने दरभंगा में कहा कि भ्रष्टाचार में लिप्त राजद और कांग्रेस ने बिहार ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया को बदनाम किया है। श्री सिंह ने जनता से ऐसे लोगों से सावधान रहने की अपील की। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सिवान जिले के रघुनाथपुर में एक सभा को संबोधित करते हुये आरोप लगाया कि राजद–कांग्रेस के शासनकाल में राज्य का विकास अवरूद्ध हुआ है। श्री आदित्यनाथ ने कहा कि बिहार की एनडीए सरकार ने सभी वर्गों के विकास के लिए लगातार काम किया है।

इधर, जदयू के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज अपने गृह जिले नालंदा के बिहार शरीफ विधानसभा क्षेत्र के सरबहदी उच्च विद्यालय में चुनावी सभा को संबोधित किया। श्री कुमार ने कहा कि विपक्षी गठबंधन लोगों को भ्रमित करने का प्रयास कर रहा है। श्री कुमार हिलसा और राजगीर विधानसभा क्षेत्र में भी रैली को संबोधित करेंगे। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और महागठबंधन के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार और राजद नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने मुजफ्फरपुर के सकरा में संयुक्त रूप से चुनावी सभा को संबोधित किया। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि इस बार बिहार में युवाओं की सरकार बनानी है। वहीं, राजद नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने कहा कि महागठबंधन ने अपने घोषणा पत्र में पांच सालों में एक विकसित बिहार की रूपरेखा प्रस्तुत की है। श्री यादव ने कहा कि महागठबंधन की सरकार बनने पर युवाओं, महिलाओं और किसानों के विकास के लिए विशेष कार्य किये जायेंगे। बिहार कांग्रेस प्रभारी कृष्णा अल्लावरू ने पटना में कहा कि महागठबंधन यह चुनाव बिहार के लोगों के मुद्दों को केन्द्र में रखकर लड़ रहा है।

---

निर्वाचन आयोग राज्य के सात लाख से अधिक दिव्यांग और वरिष्ठ नागरिकों को उनके घर पर मतदान कर्मचारियों को भेजकर मतदान की सुविधा उपलब्ध करा रहा है। पटना के जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी डॉक्टर त्याग राजन एसएम ने बताया कि आज और कल जिले के सभी पचासी वर्ष से अधिक उम्र के मतदाता और दिव्यांग मतदाता घर बैठे मतदान कर सकेंगे। श्री त्यागराजन ने बताया कि इसके लिए पचहत्तर मोबाईल मतदान टीम और चौदह सुरक्षित टीमों का गठन किया गया है।

———————————————————————

बंगाल की खाड़ी में उत्पन्न चक्रवातीय तूफान **'मोंथा'** के कारण प्रदेश के मौसम में बदलाव हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार मोंथा के प्रभाव से अगले तीन दिनों तक प्रदेश के अधिकांश स्थानों पर आंधी–बारिश की सम्भवना है। विभाग के अनुसार आज जमुई, बांका, मुंगेर, भागलपुर और कटिहार समेत सात जिलों में भारी बारिश के आसार हैं। इधर, मौसम विभाग ने कल गोपालगंज, सीवान, मधुबनी, सीतामढ़ी, दरभंगा, सुपौल, पूर्वी और पश्चिम चंपारण के कुछ भागों में अति भारी वर्षा का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। वहीं, वैशाली, सारण, मुजफ्फरपुर, सहरसा, मधुबनी, बक्सर, कैमूर, रोहतास, शिवहर और औरंगाबाद जिलों में कुछ स्थानों पर भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है।

———————————————————————

पूर्व मध्य रेलवे ने छठ पर्व के बाद लौटने वाले यात्रियों की सुविधा को देखते हुये आज से चौहत्तर विशेष ट्रेनों की शुरूआत की है। रेलवे के अनुसार पटना, दानापुर, बरौनी, भागलपुर और मुजफ्फरपुर समेत कई स्टेशनों से विशेष ट्रेने रवाना होगीं। रेलवे ने बिहार और पूर्वांचल के तीस से ज्यादा प्रमुख स्टेशनों पर विशेष होल्डिंग एरिया स्थापित किये हैं।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। अब आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।